राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ 226027
e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org


पत्रांक 8334/241/एनयूएलएम/तीन/2001(CB&T) HR दिनांक 20/12/2018

**DAY-NULM के घटक क्षमता स्वर्धन एवं प्रशिक्षण (CB&T) के अन्तर्गत ई–टेण्डर के माध्यम HR Agency के चयन हेतु शासनादेश संख्या–1413–69–1–14(104)/2013 टी0सी0–1 दिनांक 14.08.2014 द्वारा निदेशक, सूडा की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के समक्ष तकनीकी मूल्यांकन हेतु दिनांक 17.12.2018 को निविदा समिति के बैठक की कार्यवृत्त।**

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण (CB&T) के अन्तर्गत विशेषज्ञों एवं सामुदायिक आयोजकों की सेवायें आउटसोसिंग के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने हेतु HR Agency के चयन हेतु शासन से अनुमोदित आर0एफ0पी0 संख्या–2172/241/NULM/तीन/2017–18 (HR Agency-tender) दिनांक 19.07.2018 को ई–पोर्टल पर निविदा अपलोड की गयी। निविदा अपलोड किये जाने की अन्तिम तिथि 21.08.2018 को सायं 04:00 बजे एवं निविदा खोले जाने की तिथि 24.08.2018 को प्रातः 11:00 बजे थी। दिनांक 24.08.2018 को प्रातः 11:00 बजे निविदा समिति के समक्ष ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोडेड निविदाओं को डाउनलोड किया गया, जिसमें से 03 संस्थाओं–(1) Frontline Security & Manpower Services (2) T&M Services Consulting Pvt. Ltd. (3) Xeam Ventures Pvt. Ltd. की निविदायें अपलोड पायी गयी। टेण्डर नोटिस के बिन्दु संख्या–11 के अनुसार RFP Cost &EMD का सील बन्द लिफाफा कार्यालय में रखे गये ड्राप बाक्स में निर्धारित तिथि एवं समय तक डाले जाने का प्राविधान है। जिसके सापेक्ष ड्राप बाक्स में मात्र 01 संस्था T&M Services Consulting Pvt. का लिफाफा प्राप्त हुआ। निविदा खोले जाने के समय उक्त एजेन्सियों के कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे।

डाउंनलोड की गयी 02 निविदाओं के सापेक्ष मात्र 01 एजेन्सी का RFP Cost & EMD प्राप्त होने के काण निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मत से पुनः निविदा प्रकाशन निर्णय लिया गया।

उक्त लिये गये निर्णय के क्रम में पुनः दूसरी बार आर0एफ0पी0 संख्या–3050/ 241/NULM /तीन/2017–18 (HR Agency-tender) दिनांक 01.09.2018 को ई–पोर्टल पर निविदा अपलोड की गयी। निविदा अपलोड किये जाने की अन्तिम तिथि 26.09.2018 को सायं 04:00 बजे एवं निविदा खोले जाने की तिथि 27.09.2018 को प्रातः 11:00 बजे थी। दिनांक 27.09.2018 को प्रातः 11:00 बजे निविदा समिति के समक्ष ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोडेड निविदाओं को डाउनलोड किया गया, जिसमें से 02 संस्थाओं–(1) T&M Services Consulting Pvt. Ltd. (2) Xeam Ventures Pvt. Ltd. की निविदायें अपलोड पायी गयी। टेण्डर नोटिस के बिन्दु संख्या–11 के अनुसार RFP Cost &EMD का सील बन्द लिफाफा कार्यालय में रखे गये ड्राप बाक्स में निर्धारित तिथि एवं समय तक डाले जाने का प्राविधान है। जिसके सापेक्ष ड्राप बाक्स में मात्र 01 संस्था T&M Services Consulting Pvt. Ltd. का लिफाफा प्राप्त हुआ। निविदा खोले जाने के समय उक्त एजेन्सियों के कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे।

डाउनलोड की गयी 02 निविदाओं के सापेक्ष मात्र 01 एजेन्सी का RFP Cost & EMD प्राप्त होने के काण निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मत से पुनः निविदा प्रकाशन निर्णय लिया गया।

अतः उक्त लिये गये निर्णय के क्रम में तीसरी बार आर0एफ0पी0 संख्या–3742/ 241/NULM/तीन/2017–18 (HR Agency-tender) दिनांक 28.09.2018 को ई–पोर्टल पर निविदा अपलोड की गयी। निविदा अपलोड किये जाने की अन्तिम तिथि 24.10.2018 को सायं 04:00 बजे एवं निविदा खोले जाने की तिथि 25.10.2018 को मध्यान्ह 12:00 बजे थी। दिनांक 25.10.2018 को मध्यान्ह 12:00 बजे निविदा समिति के समक्ष ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोडेड निविदाओं को डाउनलोड

Mani Ram Seth

किया गया, जिसमें से 02 संस्थाओं–(1) Avani Paridhni Energy & Pvt. Ltd. (2) Xeam Ventures Pvt. Ltd. की निविदायें अपलोड पायी गयी। टेण्डर नोटिस के बिन्दु संख्या–11 के अनुसार RFP Cost &EMD का सील बन्द लिफाफा कार्यालय में रखे गये ड्राप बाक्स में निर्धारित तिथि एवं समय तक डाले जाने का प्राविधान है। जिसके सापेक्ष ड्राप बाक्स में 03 संस्था–(1) T&M Services Consulting Pvt. Ltd. (2) Avani Paridhi Energy & Communications Pvt. Ltd. (3) Xeam Ventures Pvt. Ltd. के लिफाफे प्राप्त हुए। T&M Services Consulting Pvt. Ltd. द्वारा ई–निविदा न डाले जाने के कारण समिति द्वारा उनके ड्राप बॉक्स में डाले गये लिफाफे को न खोलने का निर्णय लिया गया। निविदा खोले जाने के समय उक्त एजेन्सियों में से केवल T&M Services Consulting Pvt. Ltd. के प्रतिनिधि द्वारा उपस्थिति दर्ज कराई गई।

उक्त के क्रम में ई–टेण्डर के माध्यम से प्राप्त 02 निविदाओं यथा Avani Paradhi Energy & Communications Pvt. Ltd. एवं Xeam Ventures Pvt. Ltd. के डाउनलोड पायी गयी। इन निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन हेतु थर्ड पार्टी, आर0सी0यू0ई0एस0 लखनऊ को इस कार्यालय के पत्र संख्या–5072/241/NULM/Teen /2001 (CB&T) (HR) दिनांक 14.11.2018 के माध्यम से हार्ड एवं साफ्ट कापी उपलब्ध कराई गई थी। जिसके क्रम में आर0सी0यू0ई0एस0 लखनऊ द्वारा अपने पत्र संख्या–URC/1292/24/2018-19 दिनांक 01.12.2018 के माध्यम से मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध करायी गयी, जिसके तकनीकी मूल्यांकन में उनके द्वारा अवगत कराया गया है कि Avani Paradhi Energy & Communications Pvt. Ltd. संस्था को RFP के पेज संख्या–2 के बिन्दु संख्या–2(iii, v, vi, vii) की शर्तो का पालन न होने की दशा में तकनीकी मूल्यांकन नहीं किया गया है एवं Xeam Ventures Pvt. Ltd. संस्था को अर्ह पाया गया।

आर0सी0यू0ई0एस0 लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी मूल्यांकन रिपोर्ट पर निविदा समिति के समक्ष निर्णय लेने हेतु महोदय द्वारा निर्धारित तिथि 17.12.2018 को अपराह्न 12:00 बजे बैठक आहूत की गयी।

निविदा समिति द्वारा मूल्यांकन रिपोर्ट के परीक्षणोपरान्त निर्णय लिया गया कि ई–टेण्डर की प्रक्रिया की पार्दशिता के दृष्टिगत केवल 01 संस्था अर्ह पाये जाने के कारण Financial Bid खोले जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। अतः थर्ड पार्टी, आर0सी0यू0ई0एस0 लखनऊ द्वारा 02 निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के परिणाम को निरस्त करने एवं निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मत से चौथी बार निविदा प्रकाशन का निर्णय लिया गया।

उपरोक्तानुसार निविदा समिति की बैठक धन्यवाद के साथ सम्पन्न की गई।

17/12/18
(साजिद आज़मी)
वित्त नियंत्रक
सदस्य

17/12/2018
(डा0 वी0के0 सिंह)
अपर निदेशक
सदस्य

Maniram Singh
17.12.18
(मनिराम सिंह)
संयुक्त सचिव
नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन
कार्यक्रम विभाग, उ0 प्र0 शासन

17/12/18
(उमेश प्रताप सिंह)
निदेशक, सूडा
अध्यक्ष